(ख) क्या वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड में और अधिक पद सृजित करने का कोई नवीन प्रस्ताव है ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज) :

(क) भारतीय सांख्यिकीय सेवा के वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड के संवर्ग में शामिल किए गए 9 पदों में से 6 को भरने के लिए आदेश 20-10-91 को जारी किए जा चुके हैं । रिक्तियों को भरने के लिए कार्रवाई पहले ही आरम्भ कर दी गई है ।

(ख) जी, नहीं ।

सरकारी क्षेत्र के उद्योगों में निवेश

2222. डा० जितेन्द्र कुमार जैन :
श्री राम जेठमलानी :

क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि में सरकारी क्षेत्र के उद्योगों में किए जाने वाले निवेश की कुल राशि निश्चित कर ली गई है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या उपर्युक्त अवधि के दौरान सरकारी क्षेत्र के उद्योगों में किए जाने वाले कुल निवेश की राशि भी निर्धारित कर ली गई है ;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ङ) क्या इन उद्योगों से अर्जित होने वाले संभावित लाभ की राशि का आकलन भी कर लिया गया है ; और

(च) यदि हां तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज): (क) से (घ) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान सकल घरेलू उत्पाद में 5.6 प्रतिशत वार्षिक विकास दर की परिकल्पना के अधीन सरकारी क्षेत्र और निजी कारपोरेट सैक्टर में कुल निवेश निम्नलिखित होने की संभावना है :—

आठवीं योजना (1992-97) में कुल निवेश

(1991-92 के मूल्यों पर रुपये करोड़ों में)

सरकारी क्षेत्र	निजी कारपोरेट सेक्टर
342000	148000

(ङ) और (च) सकल घरेलू उत्पाद में 5.6 प्रतिशत वार्षिक विकास की उसी परिकल्पना के अधीन, 1991-92 के मूल्यों पर आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान बचतों को (लाभ+मूल्यह्रास रखा गया) सरकारी क्षेत्र के लिए 68,900 करोड़ रुपए और निजी कारपोरेट सैक्टर के लिये 68,930 करोड़ रुपये रखे गए हैं ।

Investment outlay for the Public Sector

2223. SHRI GURUDAS DAS GUPTA:
SHRI N. E. BALARAM:

Will the Minister of PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the investment outlay for the Public Sector in (the Eighth Plan is likely to be reduced than the present level; and

(b) if so, the details and reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI H. R. BHARDWAJ): (a) No, Sir. The amount of public sector outlay for Eighth Five Year Plan (1992—97) is not projected to be lower than in the Seventh Plan.

(b) Does not arise.